Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to declare Amravati and Wardha Parliamentary Constituency in Maharashtra as drought-affected areas.

श्री रामदास तडस (वर्धा): अध्यक्ष महोदय, मैं सदन के माध्यम से माननीय कृषि मंत्री जी का ध्यान महाराष्ट्र राज्य में औसतन से कम वर्षा होने के कारण उत्पन्न स्थिति की ओर आकृष्ट करते हुए आग्रह करना चाहता हूं कि मेरे संसदीय क्षेत्र वर्धा एवं अमरावती जिले के कपास एवं संतरा उत्पादक कृषकों की स्थिति बहुत ही खराब है । विगत दिनों केंद्रीय टीम द्वारा पूरे महाराष्ट्र के सूखाग्रस्त इलाके का सर्वे किया गया था एवं मेरे संसदीय क्षेत्र में भी टीम का आगमन हुआ था । इसके आलोक में राज्य सरकार द्वारा एक प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजा गया था, लेकिन वह प्रस्ताव अभी तक केंद्र सरकार के पास लंबित है ।

अत: मेरा आग्रह है कि महाराष्ट्र के सभी जिलों के साथ-साथ मेरे संसदीय क्षेत्र वर्धा एवं अमरावती को सूखाग्रस्त क्षेत्र घोषित करते हुए केंद्र सरकार द्वारा विशेष पैकेज संतरा एवं कपास उत्पादकों को दिया जाए एवं साथ-ही-साथ सरकार द्वारा किसानों के कर्ज को भी माफ किया जाए ।

माननीय अध्यक्ष : जो भी माननीय सदस्य किसी भी विषय पर अपने को संबद्ध करना चाहते हैं, वे अपना नाम सभा पटल पर भेज सकते हैं ।

कुंवर पुष्पेन्द्र सिंह चंदेल को श्री रामदास तडस द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।